कृषि भूमि से बारिश का पानी निकलवाने की मांग, ज्ञापन के कुछ घंटों में ही निकासी कार्य शुरू हुआ

किसानों ने बताया कि लगातार हुई बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है

रूपवास भरतपुर (निसं)। क्षेत्र के खानसूरजापुर गांव में बारिश के पानी से करीब 1200 बीघा कृषि भूमि में जलभराव होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई। खेतों से पानी की निकासी करवाने की मांग को लेकर बुधवार को खानसूरजापुर गांव के दर्जनों किसान उपखंड कार्यालय पहुंचे। उपखंड अधिकारी के कार्यालय में नहीं मिलने पर किसान तहसील कार्यालय पहुंचे और पूर्व सरपंच ख्यालीराम के नेतृत्व में तहसीलदार जितेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की।

किसानों ने बताया कि लगातार हुई बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। कृषि भूमि में लंबे समय से पानी भरा रहने के कारण किसानों को फसलों के खराब होने की चिंता सता रही है। किसानों ने तहसीलदार से जल्द से जल्द पानी की निकासी करवाकर उन्हें राहत दिलाने की मांग की।

खेतों से पानी निकलवाने के लिए किसानों ने तहसीदार को ज्ञापन सौंपा।

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने तत्काल सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। तहसीलदार ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दशरथ सिंह से बात कर कृषि भूमि में भरे पानी की निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इसके बाद सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने तत्काल कर्मचारियों को मौके पर भेजा तथा विभाग के बांध के गेट खुलवाए गए। गेट खुलने के बाद खेतों में भरा बारिश का पानी निकलकर नदी की ओर जाना शुरू हो गया। कुछ ही घंटों में पानी की निकासी का कार्य शुरू होने से किसानों को राहत मिली।

- करीब 1200 बीघा कृषि भूमि में भरा बारिश का पानी, दर्जनों किसानों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

किसानों ने समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर सिंचाई विभाग से समन्वय कर पानी की निकासी शुरू करवाने पर तहसीलदार जितेंद्र सिंह का आभार जताया। किसानों ने उम्मीद जताई कि खेतों से जल्द पूरी तरह पानी निकलने के बाद कृषि भूमि को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर जगदीश, उदय सिंह, रामबाबू, हरी सिंह, कुमार जीत, देवीराम, लोहरेराम, राजेन्द्र, पद्म सिंह, हीरालाल, रूप सिंह, वीरेंद्र आदि मौजूद थे।

दधिमती माता मंदिर में विवाद बढ़ा

नागौर। गोठ-मांगलोद स्थित प्रसिद्ध श्री दधिमती माताजी मंदिर में नवरात्रि मेले से ठीक पहले विवाद गहरा गया है। मंदिर ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि न्यायालयों के आदेशों के बावजूद मंदिर परिसर में कथित अतिक्रमण और व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप को लेकर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

ट्रस्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर की एसबी सिविल रिट पिटीशन संख्या 5809/2023 में 12 सितंबर 2023 को दिए गए आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि मंदिर परिसर से संपूर्ण अतिक्रमण हटाकर ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। ट्रस्ट का दावा है कि आदेश के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन में अपर जिला न्यायाधीश, जायल द्वारा दीवानी अपील संख्या 19/2023 में 1 सितंबर 2026 को दिए गए आदेश का भी उल्लेख किया गया है।

ट्रस्ट के अनुसार न्यायालय ने गर्भगृह के भीतर पूजा-अर्चना की जिम्मेदारी पुजारी वर्ग की तथा गर्भगृह के बाहर की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी रजिस्टर्ड ट्रस्ट की मानी है। ट्रस्ट ने आरोप लगाया है कि मंदिर परिसर में कथित रूप से कार्यालय, आवास, भोजनशाला, लोहे की रैलिंग सहित अन्य निर्माण किए गए हैं।

अधेड़ महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

भीलवाड़ा। शहर के उपनगर पुर में बुधवार अलसुबह एक सनसनीखेज और खौफनाक वारदात सामने आई है। घर से निकलकर जा रही एक 55 वर्षीया अधेड़ महिला पर एक शातिर लुटेरे ने सुनसान रास्ते पर बेरहमी से चाकू से हमला कर दिया। महिला को लहूलुहान करने के बाद बदमाश उनके गले से सोने का मांदलिया काटकर बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद से पुर कस्बे के बाशिंदों में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुर चुंगीनाका क्षेत्र निवासी श्यामलाल जाट की पत्नी कमला (55) बुधवार अलसुबह अपने घर से फ्रेश होने के लिए निकली थीं। घर से महज 100 से 150 कदम की दूरी पर पहुंचने पर एक बाइक सवार बदमाश ने उन्हें रोक लिया। शातिर बदमाश ने कमला से किसी लादू के मकान का पता पूछा और उनके बेहद करीब जाने लगा। अचानक हुई इस हरकत से कमला घबरा गईं और उन्होंने खुद को बचाने के लिए पास से एक पत्थर उठा लिया। गुस्से में आए बदमाश ने बिना एक पल गंवाए अपनी जेब से चाकू निकाला और कमला पर ताबडतोड हमला कर दिया। चाकू के इस भयानक वार से महिला के चेहरे और हाथ पर गंभीर चोटें आईं और वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़ीं।

- सोने का मांदलिया लूटा
- शातिर बदमाश ने कमला से किसी लादू के मकान का पता पूछा और उनके बेहद करीब जाने लगा

खून से सनी और दर्द से कराह रही महिला का सोने का मांदलिया (दो मोती लगा हुआ) बदमाश ने चाकू से काटकर अलग किया और अपनी बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गया। कमला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर दौड़े और घटना की सूचना पुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लहूलुहान कमला को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार और मेडिकल मुआयना करवाने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। अलसुबह हुई इस गंभीर लूट व हमले की वारदात से पुलिस प्रशासन में भी हडकंप मच गया है। मामले की जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक जे.एल. पंवार ने पीड़िता से विस्तृत जानकारी ली है। पुलिस अब वारदात स्थल से आने-जाने वाले सभी संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

40 वर्ष की सेवा में 17 बार जिला प्रशासन ने किया सम्मानित

सपोटरा। तहसील कार्यालय सपोटरा में सहायक कर्मचारी अजहर खान के सेवानिवृत्ति पूर्व सम्मान में अधिकारी-कर्मचारी संघ की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें माला एवं साफा पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वैद्य रमण लवानिया के नेतृत्व में राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, आयुर्वेद एवं पंचायतीराज विभाग के कर्मचारियों ने अजहर खान की श्रेष्ठ एवं सराहनीय सेवाओं के लिए उनका सम्मान किया।

तहसीलदार अभयराज सिंह एवं रमण लवानिया ने कहा कि अजहर खान कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार, मददगार एवं श्रेष्ठ व्यवहार वाले कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान रखते हैं।

राजस्थान में सरकार बदलने का मिथक टूटेगा : भाटिया

अलवर । भाजपा के राजस्थान प्रभारी संजय भाटिया ने कहा- राजस्थान में हर पांच साल में सरकार बदलने का मिथक है। भाटिया ने कहा- मुझे लगता है कि इस बार रिजल्ट हमारे पक्ष में ही आएगा।

अलवर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाटिया ने कहा- राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी का बहुत स्ट्रॉन्ग संगठन है। वहीं भाटिया ने जेनजी के लिए कहा- ये हमारे देश का भविष्य हैं। ये हमारे बेटे-बेटियां हैं। ये हमेशा निष्पक्ष रहे हैं। इनको क्या साधना, ये देश से प्यार करने वाले बच्चे हैं। उन्होंने पंचायत चुनाव के लिए कहा- ग्रामीण सरकार के लिए अधिक मेहनत की जरूरत है। वहीं भाटिया ने कहा- पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी ही पार्टी के अगेंस्ट सारे विधायकों को एकत्र करके निकल गए थे।

भाजपा के राजस्थान प्रभारी संजय भाटिया ने अलवर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित किया।

सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल राजनीतिक गतिविधियों के लिए गंभीर सवाल : नेता प्रतिपक्ष

अलवर। नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने पंचायती राज चुनाव से पहले संभावित उम्मीदवारों की जानकारी सरकारी मशीनरी के माध्यम से जुटाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तीखा हमला बोला। जूली ने आरोप लगाया कि सरकार यह पता लगाने में जुटी है कि कौन जिला प्रमुख, कौन प्रधान, कौन जिला परिषद सदस्य और कौन पंचायत समिति सदस्य का संभावित उम्मीदवार हो सकता है।

उन्होंने कहा कि लेटर निकलवाकर अधिकारियों से संभावित उम्मीदवारों की डिटेल मांगी जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह जानकारी किसलिए चाहिए और क्या यह सरकारी काम का हिस्सा है? उन्होंने कहा कि

- उन्होंने कहा कि लेटर निकलवाकर अधिकारियों से संभावित उम्मीदवारों की डिटेल मांगी जा रही है

सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल राजनीतिक गतिविधियों के लिए किया जाना गंभीर सवाल खडे करता है ।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार की जा रही है तो क्या उन्हें डराने-धमकाने, नोटिस देने, रिकवरी निकालने, मुकदमे दर्ज कराने या अन्य सरकारी कार्रवाई के दबाव में लाने की तैयारी है? उन्होंने कहा कि यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि मुख्यमंत्री कार्यालय में कौन अधिकारी इस प्रकार के आदेशों की पालना कराने में लगे हुए हैं। जूली ने कहा कि राजस्थान की जनता नगर निकाय चुनावों के जनादेश को देख चुकी है।

जूली ने कहा कि सरकार ने चुनाव में मिली हार को जीत के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास किए और सरकारी विभागों के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। जूली ने कहा कि इससे जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि राजस्थान की जनता अब किसी दबाव में झुकने वाली नहीं है। पंचायती राज चुनाव में भी जनता अपना जनादेश देगी और सरकार को अपनी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा। जूली ने मुख्यमंत्री से कहा कि तानाशाही की राजनीति छोडकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग बंद किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों और सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं होना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने चुनाव आयोग से भी मामले की जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि आखिर संभावित उम्मीदवारों की जानकारी क्यों मांगी जा रही है, इसकी पूरी पड़ताल होनी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इन लोगों को डराने, धमकाने, परेशान करने या अपने पक्ष में करने के लिए उनकी जानकारी जुटा रही है। जूली ने कहा कि अब लोग सरकार की कथित कार्यप्रणाली को समझ चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले पंचायती राज चुनाव में जनता अपने मत के माध्यम से इसका जवाब देगी।

भीलवाड़ा में मां के हत्यारे कलयुगी बेटे को उम्रकैद की सजा

भीलवाड़ा। न्यायालय सेशन न्यायाधीश अभय कुमार जैन ने अपनी ही मां की निर्मम हत्या करने के अभियुक्त को धारा 302 आईपीसी के तहत आजीवन कारावास और 20,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक रघुनन्दन सिंह कानावत के अनुसार, 27 अप्रैल 2023 को पुलिस थाना पुर में प्रार्थी विनोद कुमार ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में उसने बताया कि शाम लगभग 4 बजे वह अपनी बहन संजू देवी पत्नी शंकर लाल से मिलने उनके घर पिपलेश्वर महादेव पुर गया था। वहाँ पहुँचकर उसने देखा कि संजू देवी का बेटा सुनील कुमार हाथ में धारदार चाकू लेकर अपनी माँ के शरीर पर वार कर रहा था। सुनील ने उसके सामने ही चाकू से अपनी माँ का गला काट दिया। अभियुक्त ने करीब 40-45 वार किए और खून से लथपथ होकर कमरे से बाहर आया। जब विनोद कुमार ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी। पुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी सुनील कुमार के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत अदालत में चालान पेश किया।

- मौके पर संजू देवी का बेटा सुनील कुमार हाथ में धारदार चाकू लेकर अपनी मां के शरीर पर वार किए

डॉ. विकास गुर्जर का आरपीएससी में सहायक आचार्य पद पर चयन

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा स्थित सीएचसी में चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवायें दे चुके डॉ. विकास गुर्जर का राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा सहायक आचार्य (पीडियाट्रिक्स) पद पर चयन हुआ है। डॉ. विकास गुर्जर वर्तमान में एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. लोन अस्पताल जयपुर में पीडियाट्रिक्स विभाग में सहायक आचार्य के रूप में सेवायें दे रहे हैं। डॉ. विकास गुर्जर मूल रूप से सीकर जिले की नीमकाथाना तहसील के ग्राम बुजीवाला निवासी हैं। उन्होंने एमबीबीएस झालावाड़ मेडिकल कॉलेज से तथा एमडी (पीडियाट्रिक्स) सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर से प्राप्त की। सीएचसी गोनड़ा में अपनी

डॉ. विकास गुर्जर

सेवाओं के दौरान डॉ. विकास गुर्जर ने क्षेत्र के मरीजों एवं बच्चों को चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के साथ-साथ टीकाकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न गतिविधियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरकारी चिकित्सा सेवा से आगे बढ़ते हुए आरपीएससी के माध्यम से सहायक आचार्य (पीडियाट्रिक्स) पद पर चयन होने पर . जिले के चिकित्सा जगत एवं उनके पूर्व कार्यस्थल सीएचसी गोनड़ा से जुड़े लोगों में भी खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों एवं सहकर्मियों ने डॉ. विकास गुर्जर को उनकी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ विकास गुर्जर का मेडिकल कॉलेज में सहायक आचार्य बनने तक का यह सफर क्षेत्र के युवाओं और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणादायी है।

भगत सिंह को याद किया

अलवर। भारतीयजन नाट्यय संघ (इप्टा) अलवर द्वारा शहीद- ए- आज़म भगत सिंह की 119वीं जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक, कंपनी बाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सभी साथियों ने भगत सिंह के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की एवं सेल्यूट किया। तत्पश्चात मंटो के जीवन और लेखन पर अनूप त्रिवेदी के नाटक पस-ए-मंजर का महेंद्र सिंह- किताब वाला व मंटो, राजेश भारद्वाज-कुली एवं मंजू चौहान ने महिला के किरदार का पाठ किया। इसके बाद सीमा कालरा: खुद को मैं खुश किस्मत जानूं, मोहम्मद रफीक खान :सुखदेव, भगत सिंह, राजगुरु, अशफ़ाक़उल्ला खान कुर्बान हुए , झारखंड के साथी उमेश तूरी : काला हीरा हूं,खान से निकल कर आया हूं और झारखंड का बेटा हूं, जलकर निकल कर आया हूं।

1 जनवरी से एनसीआर क्षेत्र में नहीं चलेंगे डीजल के ऑटो रिक्शा

अलवर। एनसीआर क्षेत्र में 1 जनवरी 2027 से केवल सीएनजी या इलेक्ट्रिक ईंधन से चलने वाले ऑटो रिक्शा का संचालन ही अनुमत किया जावेगा। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती सविता भारद्वाज ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों की पालना के अनुसरण में एनसीआर क्षेत्रा में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को नियंत्रितकरने हेतु सार्वजनिक परिवहन क्षेत्रा के लिए कडे नियम निर्धारित किये गए हैं। इसके तहत 1 जनवरी 2023 से सम्पूर्ण एनसीआर क्षेत्र में डीजल चलित नए ऑटो रिक्शा का पंजीयन पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है तथा एनसीआर क्षेत्र में संचालित सभी डीजल चलित ऑटो रिक्शा को 31 दिसम्बर 2026 तक हर हाल में प्रचलन से पूर्णत: बाहर किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में 1 जनवरी 2027 से केवल सीएनजी या इलेक्ट्रिक ईंधन से चलने वाले ऑटो रिक्शा का संचालन ही अनुमत किया जावेगा। उन्होंने बताया कि प्रादेशिक परिवहन कार्यालय के क्षेत्राधिकार में वर्तमान में 583 डीजल ऑटो रिक्शा पंजीकृत हैं। इन डीजल चलित ऑटो रिक्शा के वाहन स्वामियों को नोटिस जारी कर 31 दिसम्बर 2026 से पूर्व अपने डीजल ऑटो रिक्शा को स्वच्छ ईंधन विकल्प (सीएनजी/ईवी) में बदलना अथवा अपठोड किए जाने हेतु सूचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यालय द्वारा मंडी मोड स्टैण्ड पर ऑटो रिक्शा संचालकों को नियमों की जानकारी देते हुए 31 दिसम्बर तक डीजल चलित ऑटो रिक्शा वाहनों को कार्यालय क्षेत्रधिकार से बाहर जाने हेतु जागरूक किया गया।

लवणीय झील में हजारों अवैध बोरवेल के जरिए हो रहे जल दोहन ने सांसद की चिंता बढ़ाई

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सिंवाल ने सांसद को तथ्यात्मक जानकारी दी

सांभरझील (निसं)। विश्व प्रसिद्ध सांभर लवणीय झील में (नागौर परिक्षेत्र) विगत कई दशकों से लगातार अवैध बोरवेल के जरिए किए जा रहे जल दोहन के कारण बताया जा रहा है कि आसपास के क्षेत्र में पेयजल पर भी इसका गहरा असर पड रहा है। झील का छलनी हो ही रही है। भविष्य में किसी अनहोनी आपदा की घटना से साफ इनकार नहीं किया जा सकता है।

पहले आपको यह बता दें कि फुलेरा विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्मल कुमावत ने भी पूर्ववर्ती सरकार के समय सूचना संकलन कर इस बात को उजागर किया था विधानसभा सत्र के दौरान कि झील में 13000 से अधिक बोरवेल जो कि अवैध है अभी तक बंद नहीं हुए हैं। सांभर साल्ट के अधिकारी दिलबाग सिंह खुद मानते हैं कि जयपुर जिले में तो आने वाली झील क्षेत्र में कोई अतिक्रमण नहीं है लेकिन नागौर परिक्षेत्र में जरूर है।

पूछने पर बताया कि करीब 20 से 25000 अवैध बोरवेल है। जहां-जहां भी विभाग को जानकारी मिलती

- सरकार के समय सूचना संकलन कर इस बात को उजागर किया था विधानसभा सत्र के दौरान कि झील में 13000 से अधिक बोरवेल जो कि अवैध है अभी तक बंद नहीं हुए हैं

है उन्हें बंद करवाया जाता है लेकिन परिक्षेत्र 190 वर्ग मील में फैला हुआ है, इसलिए कर्मचारी की संख्या कम होने के कारण कई बार इन्हें हमले का भी सामना करना पडता है।

वे खुद बताते हैं कि प्रशासन और पुलिस प्रशासन के संपूर्ण सहयोग के बिना यह बेहद मुश्किल है। जानकारों का मानना है कि यदि भूकंप जैसी त्रासदी होती है तो भारी जनहानि के साथ यह झील इतिहास में दर्ज होकर रह जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सिंवाल ने यद्यिप 15 से 20 बार पहले भी इस गंभीर मुद्दे को लेकर चिंता जताई थी। निवर्तमान और वर्तमान सांसदों को भी लिखित में पत्र भेजकर इस पर संज्ञान लिए जाने हेतु अनुरोध किया था। नतीजा आज भी वही ढाक के तीन पात है, उनकी तरफ से आरोप यह भी लगाया गया है कि नावां क्षेत्र में विद्युत अधिकारियों की मिलिभगत के कारण प्रतिवर्ष 2 करोड युनिट विद्युत की चोरी होती है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं है लेकिन इतना जरूर है की अवैध बोरवेल बिना विद्युत कनेक्शन के चलना संभव नहीं है। सांसद राव राजेंद्र सिंह को लिखे पत्र में मार्मिक अपील यह भी की गई है अशोक सिवल की तरफ से कि रोजगार के अभाव में सैकड़ो की तादाद में परिवार पलायन कर चुके हैं। बेरोजगारी के कारण युवाओं को अन्यत्र जगह अपना भविष्य तलाश ना पड रहा है। औद्योगिक डेवलपमेंट हेतु इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। सांसद राव राजेंद्र सिंह से अनुरोध किया गया है कि सांभर साल्ट लि. को हिन्दूस्थान साल्ट लि. जयपुर से अलग करवाकर इसका निजीकरण करवाया जाए ताकि सांभर में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

चुनाव आयोग को लेकर भाजपा ने की प्रेस वार्ता

भरतपुर (निसं)। भारतीय चुनाव आयोग के खिलाफ कांठोस और विपक्षी इन्डी गठबंधन द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने संबोधित किया ।

प्रेस वार्ता के संबोधन से पूर्व प्रेस वार्ता की प्रस्तावना जिला मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेंद्र पचौरी ने रखी ।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि कांठोस एवं विपक्षी इन्डी गठबंधन द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ जो बयान बाजी की जा रही है उस पर चुनाव आयोग के संयुक्त बयान में उनके झूठ का पर्दाफाश किया है। कांठोस की भूम और मनगढ़ंत कहानियों की राजनीति पूरी तरह से ध्वस्त कर दी गई है। चुनाव आयोग की संयुक्त प्रेस नोट से दूध का दूध और पानी का पानी हुआ है तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से एस ए आर समेत लिए गए सभी फैसले निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया रही है उस पर कांठोस द्वारा सवाल उठाना विपक्ष की हताशा का प्रतीक है ।

जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि कैबिनेट सेक्रेटरी को लिखा पत्र नीतिगत विषय या एस आइ आर से संबंधित नहीं था ,द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट कोरी कल्पना पर रची गई मनगढ़ंत कहानी साबित हुई । फॉर्म नंबर 6 के घोषणा पत्र के ऊपर सर्वोच्च न्यायालय जैसी संवैधानिक संस्था को बदनाम करने की साजिश पूरी तरह नाकाम हुई ।

कांठोस अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट और अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार सवाल उठाकर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। जब भी विपक्ष जनता की अदालत में पराजित होता है तो वह अपनी खींझ और हताशा निकालने के लिए संवैधानिक संस्थाओं पर झूठे आरोप लगता है। चुनाव आयोग ने सभी विपक्षियों के झूठे आरोपों की हवा निकाल दी। चुनाव आयोग के संयुक्त बयान ने स्पष्ट किया है कि एस आई आर समेत सभी प्रमुख निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं जिनको सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी रूप से वैध ठहराया है फिर भी विपक्ष चुनाव आयोग की निष्पक्ष प्रक्रिया पर झूठी कीचड उछलने का घिनौना काम कर रहा है ।

- चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस और इन्डी गठबंधन के प्रर्दशन को लेकर की प्रेस वार्ता

वजीरपुर चंबल परियोजना की पाइपलाइन डालने के बाद मिट्टी डालकर खानापूर्ति का आरोप

पाइपलाइन डालने के बाद खुदाई वाले स्थान पर केवल मिट्टी डालने से सड़क का लेवल समान नहीं रहा

वजीरपुर। उपखंड क्षेत्र में चंबल परियोजना की पाइपलाइन बिछाने के लिए विभिन्न आम रास्तों और सड़कों की खुदाई किए जाने के बाद उनकी समुचित मरम्मत नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। योजना से जुडे ठेकेदारों द्वारा कई स्थानों पर सड़क की खुदाई कर पाइपलाइन डालने के बाद ऊपर से मिट्टी डालकर खानापूर्ति किए जाने का आरोप है। इससे सडकें उबड-खाबड हो गई हैं और वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कई ऐसे रास्ते हैं, जिनका निर्माण कुछ माह पहले ही कराया गया था। इन नई बनी सड़कों को भी पाइपलाइन बिछाने के लिए खोद दिया गया। पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को पहले की स्थिति में लाने के लिए निर्धारित तरीके से मरम्मत नहीं किए जाने से सड़क की गुणवत्ता और स्थिति दोनों प्रभावित हो रही हैं । पाइपलाइन डालने के बाद खुदाई वाले स्थान पर केवल मिट्टी डालने से सड़क का लेवल समान नहीं रहा। बारिश या वाहनों की आवाजाही के बाद मिट्टी धंसने से गड्ढे और उबड़-खाबड हिस्से बन गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार आए दिन वाहन असंतुलित होने से लोग चोटिल भी हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुछ सड़कों का निर्माण हाल ही में सरकारी राशि से कराया गया था। ऐसे में नई सड़कों को खोदने के बाद समुचित मरम्मत नहीं होने से सडक निर्माण पर खर्च हुई सरकारी राशि का भी नुकसान हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि पाइपलाइन बिछाने के बाद सडकों का गुणवत्ता के साथ पुनर्निर्माण नहीं किया गया तो कुछ समय बाद इन रास्तों पर दोबारा सरकारी राशि खर्च करनी पड सकती है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और चंबल परियोजना से जुड़े अधिकारियों से मांग की है कि पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सभी सड़कों और आम रास्तों का निरीक्षण कराया जाए।

- नई बनी सड़कों की हालत भी बिगड़ी

पाइपलाइन के लिए खोदी सड़कें, मरम्मत नहीं होने से राहगीर परेशान हो रहे है।